समस्या पेयजल की सीमित आपूर्ति के साथ नालियों की अनदेखी

जलभराव और गंदे पानी से बढ़ी परेशानी

नवभारत , जबलपुर । बनारसी दास वार्ड (गोरखपुर) में मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहवासियों की परेशानी सामने आई है। एक ओर लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या खड़ी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इन समस्याओं के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महज आधे घंटे होती है पानी की सप्लाई

रहवासियों के मुताबिक क्षेत्र में पानी की सप्लाई बेहद कम समय के लिए होती है। कई बार नलों में महज आधे घंटे तक ही पानी आता है। इतने कम समय में पूरे परिवार की जरूरत के मुताबिक पानी भरना मुश्किल हो जाता है। लोगों को पानी के लिए सप्लाई के समय का इंतजार करना पड़ता है और उपलब्ध पानी को बचाकर इस्तेमाल करना पड़ता है।

बारिश में नालियों की स्थिति और खराब

पेयजल समस्या के साथ नालियों की सफाई भी चिंता का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई के लिए कर्मचारी नहीं पहुंचते। गंदगी जमा होने के कारण बारिश का पानी आसानी से निकल नहीं पाता और नालियां ओवरफ्लो होने लगती हैं।

सड़कों पर फैलता है गंदा पानी

नालियों के ओवरफ्लो होने के बाद गंदा पानी आसपास के हिस्सों और सड़कों पर फैलने की शिकायत रहवासियों ने की है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। वहीं, लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध और गंदगी का माहौल भी बन जाता है।

इनका कहना है

पानी के लिए काफी परेशानी होती है। नल में पानी आता भी है तो करीब आधे घंटे के लिए। कई बार पानी साफ नहीं आता, इसलिए पीने के पानी के लिए अलग से इंतजाम करना पड़ता है। बारिश के बावजूद पानी की समस्या बनी हुई है।

रमेश कुमार, स्थानीय रहवासी

नालियों की सफाई ठीक से नहीं होती। बारिश होते ही नालियां भर जाती हैं और गंदा पानी बाहर आने लगता है। सड़क पर पानी जमा रहने से बच्चों और बुजुर्गों को भी निकलने में दिक्कत होती है। सफाई नियमित होनी चाहिए।

अनीता शुक्ला, स्थानीय रहवासी

सिद्ध बाबा वार्ड में जर्जर सड़क से राहगीर व स्कूली बच्चे परेशान, नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जताया आक्रोश

जबलपुर। सिद्ध बाबा वार्ड अंतर्गत बिछेल चौराहे से लेकर धामनदास चौक और गोपाल होटल तक जाने वाली मुख्य सड़क विगत कई वर्षों से पूर्ण रूप से जर्जर और बदहाल स्थिति में है। इस मुख्य मार्ग पर लगभग आधा दर्जन स्कूल संचालित होते हैं, जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं, राहगीरों और क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में बेहद जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैले गड्ढों और खस्ताहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों का पैदल चलना व वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दो दिन पूर्व ही स्कूल जा रही एक छात्रा गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पैर टूट गया, वहीं एक बुजुर्ग व्यक्ति के गिरने से उनका सिर फट गया। प्रतिदिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के यहां से गुजरने के बावजूद नगर निगम प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। बदहाली से त्रस्त क्षेत्रीय जनता ने महापौर एवं निगम प्रशासन से अविलंब सड़क सुधार कराने की मांग की है।

इनका कहना है

दो दिन पहले एक छात्रा स्कूल जा रही जिसके कारण वह गाड़ी से गिर गई और उसका पैर टूट गया फिर भी यहां कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अज्जू नाटी क्षेत्रीय नागरिक

अब्दुल हमीद वार्ड में जगह-जगह कचरे के अंबार और गंदे पानी से जनता परेशान

जागरुकता की कमी या प्रशासन की नाकामी

नवभारत, जबलपुर। स्वच्छता अभियान के दावों के विपरीत अब्दुल हमीद वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। वार्ड के आनंद नगर में बस स्टॉप रोड और अन्य सड़कों में कचरे का अंबार लगा हुआ है। कचरा पड़ा होने के कारण सड़ते कचरे की बदबू से स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है, जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। हालात यह हैं कि मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी गलियों तक में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है। आवारा पशु इस गंदगी को और ज्यादा बिखेर रहे हैं। इस बदहाली की वजह से न सिर्फ स्थानीय दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही राहगीरों और स्कूली बच्चों का सड़क से गुजरना भी दूभर हो गया है। बारिश के इस मौसम में रुके हुए पानी और सड़ते कचरे की वजह से इलाके में बीमारियां फैलने का डर दिन-पर-दिन बढ़ता जा रहा है। जब शनिवार को नवभारत की टीम मौके पर पहुंची तो हालात और भी भयावह थे। बस स्टॉप रोड पर हर दो कदम पर कचरे के ढेर नजर आए। लोगों ने बताया कि कचरे की गाड़ियां आती है लेकिन कुछ घंटों में वापस कचरा जम जाता है। कई लोग कभी भी आकर कचरा फेंक देते है। कचरा फेंकने वालों में ज्यादातर मोमोज वाले होते है जो अपनी पत्तागोभी और खराब सामाग्री फेंकते है।

कुएं में गन्दा पानी- बस स्टॉप रोड पर जो पानी की टंकी तोड़ी जा रही है उसके सामने जो कुआं है उसकी भी हालत पस्त है। जब नवभारत की टीम ने कुएँ में देखा तो काफी गंदगी नजर आई। कुएं के ऊपर जो लोहे की जाली है उसमें जंग लगा हुआ था और अंदर पेड़ के पत्ते और कुछ कचरा भी था। कुएं के आसपास भी गंदगी थी। इसी कुएं से पास की रेंटल बिल्डिंग और अन्य जगहों पर गंदा पानी जाता है। गंदे पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

इनका कहना है

बदबू की वजह से सड़क पर खड़े रहना मुश्किल हो गया है। राहगीरों व स्कूल-कॉलेज के बच्चों को देख कर चलना पड़ता है कि कहीं कचरे पर पैर न रख दें जागरुकता की कमी है।

मोहम्मद शाहिद, स्थानीय नागरिक

गाड़ियां नियमित रूप से कचरा उठाती है पर रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर कर्मचारी छुट्टी पर रहते है जिसकी वजह से गाड़ियां नहीं जा पाती। बात रही कुएं की उसे जल्दी कवर कर दिया जाएगा।

विमल राय, पार्षद, अब्दुल हमीद वार्ड

मुराव कॉलोनी की बदहाल सड़क से रहवासी परेशान

शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

जबलपुर नवभारत । रामपुर क्षेत्र की मुराव कॉलोनी में लंबे समय से सड़क की हालत खराब होने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ा हुआ मार्ग लोगों के लिए आवागमन में परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और पार्षद को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।

रहवासियों के मुताबिक सड़क खराब होने से रोजाना आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है, जबकि बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि समस्या बताने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि वे कई बार पार्षद से सड़क की मरम्मत कराने की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि जब क्षेत्र की सड़क लंबे समय से खराब है तो जिम्मेदार विभाग को मौके का निरीक्षण कर जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करना चाहिए।

रहवासियों की मांग, जल्द हो सड़क की मरम्मत

स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुराओ कॉलोनी की सड़क का निरीक्षण कर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि सड़क का निर्माण या मरम्मत होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और लोगों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

एक नजर में

19 लाख की जमीन को लेकर पत्नी का दबाया गला

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत बिलहरी में 19 लाख की जमीन बेचने के शक में उपजे विवाद पर पति ने पत्नी को प्रताड़ित करते हुए उसका गला दबाया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मोनिका धनगर 24 वर्ष निवासी बिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी दिनांक 2-3-2020 को पौड़ा जिला दमोह निवासी सरमन धनगर के साथ रीति रिवाज से हुयी थी उसके पिता का स्वर्गवास हो जाने से पति सरमन धनगर अपनी ससुराल बिलहरी आकर शादी के 15-20 दिन बाद में रहने लगा। उसकी माँ यशोदा बाई के नाम से बिलहरी में मकान है, जिसे हम चारों बहने बेचने के लिये 19 लाख रूपये में बरेला के आदमी के साथ एग्रीमेंट किये थे उसका पति सरमन समझा कि पौड़ा की ससुर की जमीन बेच रहे हैं इसी बात को लेकर एक माह पूर्व से पति सरमन धनगर उसके मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। सुबह 3-4 बजे इसी बात को लेकर पति उसका गला दबाया उसने चिल्लायी तो उसका बच्चा उठ गया एवं रोने लगा, पति उसके जेवर लेकर चला गया।

सिगरेट के पैसे मांगे तो दुकानदार को चाकू से गोदा

जबलपुर । रांझी थाना अंतर्गत गांधी चौक में शनिवार रात्रि किराना दुकान पर सिगरेट के पैसे मांगने पर उपजे विवाद पर बदमाशों ने हत्या के इरादे से दुकान संचालक पर चाकू से वार कर दिया । हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि अ भिषेक श्रीपाल 20 वर्ष निवासी गांधी चौक की किराना दुकान है जहां पर नितिन साहू, शिवा समुद्रे, राज चौधरी पहुंचे और सिगरेट खरीदी । जब अभिषेक ने सिगरेट के पैसे मांग तो बदमाशों ने विवाद शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बदमाशों ने ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया । हमले में अभिषेक को गंभीर चोटें आ गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मांगों के नाम पर फंड का दुरुपयोग और ब्लैकमेलिंग का आरोप

रादुविवि कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ने लगाए अध्यक्ष पर गंभीर आरोप

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय यादव द्वारा पिछले 20 दिनों से चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर विश्वविद्यालय की राजनीति गरमा गई है। संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल ने मौजूदा अध्यक्ष संजय यादव की कार्यप्रणाली पर फिर कड़े सवाल खड़े करते हुए उन पर कर्मचारियों के कोष के दुरुपयोग और कुलगुरू को ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पटेल ने कहा कि कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने संजय यादव की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्हें लेखा शाखा से हटा दिया था। आरोप है कि पद से हटाए जाने के बाद से ही वह बौखलाहट में कर्मचारियों की मांगों की आड़ लेकर नियमानुसार काम कर रहे कुलगुरू को ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विगत 13 माह से बिना काम किए वेतन ले रहे संजय यादव का तुरंत किसी विभाग में पदस्थापन किया जाना चाहिए पूर्व नेतृत्व का कहना है कि यदि अध्यक्ष संजय यादव ने कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल और सहायक कुलसचिव हितेश कोड़ापे के साथ मिलकर पदोन्नति की प्रक्रिया में अड़ंगा न लगाया होता, तो अब तक 200 से अधिक कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी हो चुके होते।

गाड़ी अड़ाकर वृद्ध को रोका, चाकू दिखा धमकाया

जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल के पास बदमाशों ने गाड़ी अड़ाकर वृद्ध को रोका और शराब पीने एक हजार रूपए की मांग कर दी। डिमांड पूरी न होने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आशीष पाण्डे 75 वर्ष निवासी जगदीश अखाड़ा के पीछे रानीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 12-30 बजे वह

बाजार से वापस घर आ रहा था उसके घर के सामने आलोक केवट, अनमोल पासी व 1 अन्य लड़का नीला रंग की एक्सिस से उसके सामने गाड़ी अड़ाकर उसका रास्ता रोक लिया। आलोक केवट चाकू दिखाकर शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने मना किया तो अनमोल पासी व अन्य लड़के ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिये। आलोक केवट ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर पटक दिया जिससे उसके पीठ में चोट आ गयी, आलोक केवट चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया एवं तीनों भाग गयें।

अधिवक्ता को फोन कर बुलाया और मार दी तलवार

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत धनी की कुटिया के पास फोन कर अधिवक्ता को बुलाने के बाद बदमाश ने तलवार से हमला कर दिया। हमले में घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सुरेश कुशवाहा 46 वर्ष निवासी सुशीला परिसर अमखेरा रोड गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है। वह शिवम कनौजिया, मोनू नामदेव के साथ अपनी कार में धनी की कुटिया काम से आया था उसके परिचित धीरू पटेल ने शिवम कनोजिया को कॉल किया जिसे पता चला कि वह भी शिवम के साथ है धीरू ने शिवम से कहा कि सुरेश कुशवहा को लेकर आओ कुछ बात करनी है, तो तीनों धीरू पटेल के घर बैथल स्कूल के सामने पहुँचे धीरू पटेल उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर धीरू पटेल ने तलवार से हमलाकर चोट पहुंचा दी।

फिलिस्तीनी झंडे लहराने वालों पर हो कार्रवाई

बजरंग दल ने गोहलपुर सीएसपी से की शिकायत

जबलपुर। ईद मिलाद-उन-नबी के दौरान रद्दी चौकी, कमानिया गेट सहित अन्य क्षेत्रों में कथित रूप से फिलिस्तीनी झंडे लहराए जाने एवं उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का मामला अब गरमा गया है। मामले को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने मोर्चा खोलते हुए नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर को शिकायत सौंपी है साथ फिलिस्तीनी झंडे लहराने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

बजरंग दल महामंत्री अमित उपाध्याय ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है, क्योंकि ऐसी घटनाओं से सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो सकती है। संगठन ने प्रशासन से किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। संबंधित वायरल वीडियो एवं फोटो की जांच कर उसमें दिखाई देने वाले व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन किया जाए। साथ ही घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज, सोशल मीडिया पोस्ट एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित कर जांच में शामिल किया जाए इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल जबलपुर विभाग मंत्री सोनू श्रीवास्तव, मुकेश गौतम, राहुल पटेल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक 4 सितंबर को निकलेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा, नरसिंह मंदिर में तैयारियों को लेकर बैठक

भगवान श्रीकृष्ण सबके हैं, शोभायात्रा को भव्य बनाने सभी की सहभागिता जरूरी : मंत्री

जबलपुर। भगवान श्रीकृष्ण सबके हैं और जन्माष्टमी की शोभायात्रा भी पूरे समाज की है। शोभायात्रा की भव्यता, दिव्यता और पवित्रता केवल प्रशासन या किसी एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस वर्ष जन्माष्टमी पर्व को सामूहिकता और जनभागीदारी के भाव के साथ मनाने की शुरुआत होनी चाहिए। यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार को नरसिंह मंदिर में 4 सितंबर को निकलने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी, रामनवमी, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी जैसे

पर्व समाज को एकजुट करने वाले अवसर हैं। धार्मिक भावनाओं कोघर और कार्यक्षेत्र तक सीमित रखने के बजाय ऐसे आयोजनों में सामूहिक सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जन्माष्टमी पर्व पवित्रता और दिव्यता केसाथ मनाया जाना है। श्री सिंह ने कहा कि करीब 17 लाख की आबादी वाले जबलपुर में शोभायात्रा में जनसहभागिता भी उसी स्तर की दिखाई देनी चाहिए।

संस्कारधानी का गौरव मिलकर बढ़ाएं: डॉ. नरसिंह दास- नरसिंह पीठाधीश्वर महंत डॉ. स्वामी नरसिंह दास महाराज ने कहा कि वर्ष 1980 से संस्कारधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। पहली बार प्रशासन के स्तर पर व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित होना और मंत्री राकेश सिंह द्वारा इसका नेतृत्व किया जाना महत्वपूर्ण पहल है। नरसिंह पीठाधीश्वर ने कहा कि शोभायात्रा किसी व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। सभी समाज और संगठन आगे आकर सहयोग करें। विकास के साथ धर्म और संस्कृति का संरक्षण भी आवश्यक है। दोनों के समन्वय से संस्कारधानी की पहचान और मजबूत होगी।

बच्चों, यातायात और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान : कलेक्टर

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि शोभायात्रा मार्ग पर बच्चों और श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल एवं भोजन की व्यवस्था की जाए। सामाजिक और व्यावसायिक संस्थाएं स्वागत द्वार बनाकर पुष्पवर्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न समितियों के बीच मोबाइल और संचार माध्यमों से बेहतर समन्वय हो, ताकि एक यात्रा के लिए दूसरी यात्रा को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। शोभायात्रा को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए। विद्युत पोल एवं उपकरणों पर सुरक्षात्मक कवर लगाने के साथ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

नवभारत

आवश्यकता है

देश के अनेक राज्यों में प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिये निम्न पद के लिये योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है-

पद की योग्यता

सब एडिटर-01
(10 वर्ष का अनुभव)

सीनियर रिपोर्टर-02
(5 वर्ष का अनुभव)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक)

9752721239, 8305852507 hr.navabharat1934@gmail.com